वेबसाइट: www.bankofbaroda.in **ई-मेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/ Place: **मुंबई** **तारीख/** Date: **13.10.2022**

प्रेस विज्ञप्ति/ Press Release

बैंक ऑफ़ बड़ौदा में वार्षिक राजभाषा समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

मुंबई 13 अक्टूबर: बैंक के कार्पोरेट कार्यालय, मुंबई में हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं / कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. इसी क्रम में कार्पोरेट कार्यालय में दिनांक 10 अक्तूबर 2022 को वार्षिक राजभाषा समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रसिद्ध हास्य कवि पद्मश्री सुरेंन्द्र शर्मा को मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया था. इस कार्यक्रम में कार्पोरेट कार्यालय के सभी वरिष्ठ कार्यपालक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

समारोह का शुभारंभ प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री संजीव चड्ढा, कार्यपालक निदेशकद्वय श्री अजय के खुराना, श्री जयदीप दत्ता राय एवं मुख्य अतिथि पद्मश्री सुरेंन्द्र शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. श्री संजय सिंह, प्रमुख (राजभाषा एवं संसदीय समिति) द्वारा स्वागत उद्बोधन में गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा बैंक को वर्ष 2021–22 के लिए भारत सरकार की राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार प्रदान किए जाने संबंधी सूचना दी गई. साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष के दौरान आरंभ की गई नवोन्मेषी पहलों की भी जानकारी दी गई. तदुपरांत कार्यपालक निदेशक श्री जयदीप दत्ता रॉय ने अपने मार्गदर्शी वक्तव्य में मुख्य अतिथि पद्मश्री सुरेंन्द्र शर्मा जी के प्रति बैंक का निमंत्रण स्वीकार करने के लिए आभार प्रकट किया एवं हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने में उनके योगदान को रेखांकित किया. कार्यपालक निदेशक श्री अजय के खुराना ने अपने मार्गदर्शी संबोधन में मुख्य अतिथि पद्मश्री सुरेंन्द्र शर्मा जी कविताओं द्वारा सभी के जीवन को सुखद बनाने की बात की एवं उनके इस योगदान हेतु धन्यवाद दिया.

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री संजीव चड्ढा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में बैंक को वर्ष 2021 – 22 के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार मिलने पर हर्ष व्यक्त किया एवं सभी बड़ौदियन को इसके लिए बधाई दी. आपने बताया कि यह उपलब्धि हासिल करने के बाद हमारी चुनौती और ज्यादा बढ़ गई है. हमें निरंतर नए प्रयास करने की आवश्यकता होगी ताकि हम प्रति वर्ष पुरस्कार प्राप्त करते रहें.

बैंक की मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना के अंतर्गत मुंबई विश्वविद्यालय व एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय के पात्र विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया. हिंदी में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों को बड़ौदा राजभाषा पुरस्कार 2021-22 के पुरस्कार प्रदान किए गए. हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम के उत्तरार्ध में आमंत्रित कविगण पद्मश्री सुरेंन्द्र शर्मा, डॉ दिनेश बावरा तथा श्री रोहित शर्मा द्वारा उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया गया.

कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय श्री पुनीत कुमार मिश्र, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा एवं संसदीय समिति) तथा सुश्री सपना घोड़के काले ने किया. श्री उमानाथ मिश्र, मुख्य प्रबंधक (राजभाषा) ने धन्यवाद ज्ञापित किया.

****

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है. 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है. बैंक पांच महाद्वीपों में 18 देशों में फैले 46,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है. अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है. हाल ही में शुरू किया गया बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है. यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है. बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है. बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है.

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com

परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | snehaj@perfectrelations.com